दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 257 मुरादाबाद 11 January 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## हमारे गढ़ वाले इलाकों में प्रशासन इंटरनेट से कर रहा है खेला, डिजिटल कैंपेन पर सपा ने जताई चिंता



उत्तर प्रदेश चुनाव में आयोग ने 15 जनवरी तक डिजिटल कैंपेन करने को ही कहा है। लेकिन ओमिक्रॉन वैरिएंट के मामलों को देखते हुए ऐसा लगता है कि पूरा कैंपेन ही डिजिटल हो सकता है। इस बीच सभी राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियों तेज कर दी हैं। समाजवादी पार्टी ने भी डिजिटल कैंपेन की आक्रामक रणनीति तैयार की है। इसके साथ ही एक बड़ा बदलाव लाते हुए पार्टी ने वॉट्सऐप को मुख्य हथियार बनाने का फैसला लिया है। सपा के रणनीतिकारों का कहना है कि उनका फोकस छोटे-छोटे वीडियोज पर होगा, जो आसानी से डाउनलोड हो सकें और लोगों का डेटा भी कम खर्च हो। दूसरी तरफ डोर-टू-डोर कैंपेनिंग भी शुरू की जा चुकी है। अखिलेश यादव ने शनिवार को पार्टी के मीडिया पैनलिस्ट्स और कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग की। इस दौरान अखिलेश यादव ने टीम से उनके सुझाव लिए। भले ही चुनाव आयोग की ओर से 15 जनवरी को समीक्षा की जानी है, लेकिन समाजवादी पार्टी पूरे कैंपेन को ही डिजिटल मीडियम से चलाने के प्लान पर विचार कर रही है। एक सीनियर लीडर ने बताया, रहमारे वोटर बेस में बड़ी संख्या युवाओं और गरीबों की है। वे बड़े वीडियो डाउनलोड नहीं कर सकते क्योंकि उसमें ज्यादा डेटा खर्च होता है। इसलिए यह फैसला लिया गया है कि 100 एमबी तक के छोटे वीडियोज तैयार किए जाएं।श

### नेताओं का आरोपरू प्रशासन


### सपा के गढ़ वाले इलाकों में कर रहा इंटरनेट से खेला

यही नहीं कुछ नेताओं ने चिंता जताई है कि सपा के मजबूत गढ़ वाले इलाकों में प्रशासन इंटरनेट स्पीड और कनेक्टिविटी को कमजोर करा रहा है ताकि कैंपेन को प्रभावित किया जा सके। फेसबुक और यूट्यूब के अलावा समाजवादी पार्टी वॉट्सऐप पर भी मजबूती के साथ काम कर रही है। पार्टी की डिजिटल विंग ने कई वॉट्सऐप ग्रुप्स तैयार किए हैं और उनके माध्यम से लाखों लोगों तक सामग्री पहुंचाई जा रही है। हर विधानसभा में सपा की ओर से 8 से 10 वॉट्सऐप ग्रुप तैयार किए गए हैं। इनमें से हर ग्रुप में 256 लोगों को जोड़ा गया है।

### इंटरनेट तक पहुंच न रखने वाले लोगों के लिए भी प्लान

इसके अलावा ऐसे लोगों तक भी पार्टी ने पहुंच बनाने का प्लान तैयार किया है, जो मोबाइल आदि से दूर हैं। ऐसे में उन तक पहुंचने के लिए चौक-चौराहों पर एलईडी स्क्रीन्स लगाने का फैसला हुआ है। हालांकि यह थोड़ा महंगा तरीका होगा। समाजवादी पार्टी के एक नेता ने कहा कि यदि हम ब्लॉक लेवल पर भी स्क्रीन लगाएं तो प्रदेश भर में 25,000 की जरूरत होगी। हम जल्दी ही इस पर फैसला लेंगे। भाजपा ने बिहार चुनाव से इस फॉर्म्यूले की शुरुआत की थी। तब पार्टी ने हजारों एलईडी तमाम जगहों पर लगवाए थे।

## सीएम योगी का आदेश : एक समय में 50 प्रतिशत ज्यादा लोग न रहे ऑफिस में, पॉजिटिव होने पर वेतन के साथ 7 दिन का अवकाश



यूपी में बढ़ते कोरोना के बीच सीएम योगी ने आधिकारियों से कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी व निजी कार्यालयों में एक समय में 50 प्रतिशत लोगों की उपस्थिति व्यवस्था लागू की जाए। इसके ही प्राइवेट क्षेत्र के कार्यालयों में काम करने वाला कोई कर्मचारी यदि कोविड पॉजिटिव होता है तो उसे भी न्यूनतम 07 दिनों का वेतन सहित अवकाश दिया जाए। सभी कार्यालयों में कोविड हेल्प डेस्क की स्थापना अनिवार्य रूप से हो। बिना स्क्रीनिंग किसी को प्रवेश न दें। सीएम योगी ने कहा कि लोगों के इकठ्ठा होने से बचें। वर्क फ्रॉम होमश को बढ़ावा दें। कोविड से बचाव के लिए वैक्सीनेशन अभियान चल रहा है। आज से सभी कोरोना वॉरियर्स, हेल्थकेयर व फ्रंटलाइन वर्कर्स तथा 60 वर्ष से ऊपर की आयु के को-मॉर्बीडिटी वाले नागरिकों को प्री-कॉशन डोज दी जा रही है। भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप हर पात्र व्यक्ति को प्री-कॉशन डोज जरूर दी जाए। पुलिस बल के हर सदस्य को प्री-कॉशन डोज दी जाए।

### वर्क फ्राम होम को बढ़ावा मिले

कामकाज में असुविधा न हो, इसके लिए श्वर्क फ्रॉम होमश को बढ़ावा देने की जरूरत बताते हुए उन्होंने कार्यालयों में रोटेशन प्रणाली लागू करने के भी निर्देश दिए। राज्य सरकार के नए कोविड गाइडलाइन के मुताबिक निजी क्षेत्र के कार्यालयों में सेवारत कोई कर्मचारी यदि कोविड पॉजिटिव होता है तो उसे भी न्यूनतम 7 दिनों का वेतन सहित अवकाश दिया जाएगा।

### 8334 नए मरीज सामने आए

बैठक में अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य, अमित मोहन प्रसाद ने मुख्यमंत्री को बताया कि बीते 24 घंटों में 2 लाख 1 हजार 465 सैम्पल की जांच में कुल 8334 नए संक्रमितों की पुष्टि हुई। इसी अवधि में 335 लोग कोरोना मुक्त भी हुए। वर्तमान में कुल एक्टिव केस की संख्या 33,946 है। इनमें 33,563 लोग होम आइसोलेशन में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

### जिलों में व्यवस्थाओं की पड़ताल करेंगे नोडल अधिकारी

कोविड से बचाव के इंतजाम, शीतलहर और ओलावृष्टि की स्थिति में जिलों की व्यवस्थाओं की पड़ताल के लिए नोडल अधिकारी अपने जिलों में तीन दिवसीय दौरे पर जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रवास के दौरान यह नोडल अधिकारी जिलों में कोविड ट्रेसिंग, टेस्टिंग, टीकाकरण, अस्पतालों की व्यवस्था, गौशालाओं के प्रबंधन, रैन बसेरों के इंतजाम आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरूस्त कराएं। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि जनपदों में इंटीग्रेटेड कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) को 24/7 एक्टिव रखा जाए। पूर्व की भांति वहां नियमित बैठकें आयोजित की जाएं। आईसीसीसी में विशेषज्ञ चिकित्सकों का पैनल मौजूद रहे। लोगों को टेलीकन्सल्टेशन की सुविधा दी जाए। आईसीसीसी हेल्पनंबर सार्वजनिक कर इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। ताकि लोग किसी जरूरत पर तत्काल वहां संपर्क कर सकें। उन्होंने कहा कि निगरानी समिति और इंटीग्रेटेड कोविड कमांड सेंटर को पूरी तरह सक्रिय किया जाए। गांवों में प्रधान के नेतृत्व में और शहरी वार्डो में पार्षदों के नेतृत्व में निगरानी समितियां क्रियाशील रहें। घर-घर संपर्क कर बिना टीकाकरण वाले लोगों को चिन्हित किया जाए। उनकी सूची जिला प्रशासन को दी जाए। जरूरत के मुताबिक लोगों को मेडिसिन किट उपलब्ध कराई जाए। कोविड के उपचार में उपयोगी जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाए।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

## रूद्रपुर में माहौल बिगाड़ने की कोशिश गो हत्या पर भड़के हिंदू वादी संगठन



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

रूद्रपुर- शहर का शांत माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों लोगों के खिलाफ हिन्दू वादी संगठनों का गुस्सा उस समय सातवें आसमान पर पहुंच गया,जब श्याम टाकीज़ रोड स्थित गगन ज्योति बारात घर के पास खाली पड़ी जमीन पर गौ माता (गाय) का खून से लथपथ शव मिला।यह खबर जंगल की आग की तरह फैल गई। देखते ही देखते वहां हिन्दू वादी संगठनों सहित आम लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने गौ माता का शव उठाने का प्रयास किया तो वहां मौजूद हिन्दू वादी संगठनों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया।इसी दौरान मौके पर ज़िले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह कुंवर भी वहां पहुंच गए। उन्होंने तत्काल प्रभाव से आवास विकास चौकी प्रभारी को निलंबित कर दिया। मौके पर पहुंचे भाजपा विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी वहां पहुंच कर लोगों से जानकारी जुटाई। लोगों का कहना था कि पहले मामले के आरोपित लोगों की गिरफ्तारी की जाएं, उसके बाद गौ माता का शव उठाने दिया जाएगा।एस एस पी ने अपनी अहम भूमिका निभाते हुए आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। जिसके बाद पुलिस अधिकारियों के सूझ बूझ से माहौल को शांत कराया गया। वही एस एस पी ने कहा कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है, जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल एसपी क्राइम हिमांशु वर्मा से मिला और ज्ञापन दिया

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



रूद्रपुर- क्षेत्र में धार्मिक भावनाओं को भड़काने व आपसी सौहार्द बिगाड़ने के मकसद से हिंदू समाज की पूजनीय गौमाता की निर्मम हत्या के जल्द से जल्द खुलासे व आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग को लेकर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जगदीश तनेजा व पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल एसपी क्राइम हिमांशु वर्मा से मिला और ज्ञापन देकर कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों ने आपसी धार्मिक सौहार्द के माहौल को बिगाड़ने की कोशिश करने के लिए हिंदुओं की पूजनीय गौमाता व उनके बछड़े की निर्मम हत्या कर गगन ज्योति के पास शव विक्षत स्थिति में शवों को डालकर शांतिपूर्ण माहौल को खराब करने का प्रयास किया है जिससे पूरे क्षेत्र में भारी आक्रोश है प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और उन पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए अगर आरोपियों पर तुरंत कार्रवाई नहीं हुई तो शहर का माहौल बिगड़ सकता है ज्ञापन देने वालों में ब्लाक अध्यक्ष दिनेश पंत वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा पार्षद मोनू निषाद मोहन खेड़ा राजेश कुमार मोहन भारद्वाज महामंत्री राजीव कामरा रणजीत राणा कांग्रेस महिला अध्यक्ष मोनिका ढाली सरोज रानी सेवा दल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी डॉक्टर सुमित राय सुनील जड़वानी कमलेश गुप्ता रवि कठेरिया उमाशंकर एनएसयूआई के अध्यक्ष चेतन भट्ट अमर सिंह कश्यप देवू कोली आदि कार्यकर्ता शामिल थे

## वीर बलिदान दिवस की घोषणा सिक्ख व पंजाबी समाज का अविस्मरणीय सम्मान – चुघ

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



रूद्रपुर- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सिक्ख समाज के दसवें गुरू श्री गुरू गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व पर शीश नवाते हुए उनके साहिब जादों के धर्म की रक्षा के लिए शहीद होने पर उन्हें नमन करते हुए उनकी स्मृति में शहीदी दिवस को देश में वीर बलिदान दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा करना सिक्ख व पंजाबी समाज का अविस्मरणीय सम्मान है। जिसके लिए सिक्ख समाज के साथ पंजाबी समाज हमेशा उन्हें याद रखेगा। युवा पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा चुनाव प्रबन्धन समिति के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी हमेशा सिक्ख समाज व सिक्ख समाज के परम सम्माननीय गुरूओं का सम्मान करते आये हैं। जो विपक्षी दलों को सहन नहीं होता और वह दूषित राजनीति का सहारा लेकर समाज के लोगों को भ्रामक बातों से गुमराह करने का भरसक प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा सिक्ख समाज के सम्मानीय गुरूओं ने सभी को बुरे कार्यों से दूर रहकर अपने जीवन को दूसरों की सेवा करने में समर्पित करने का सन्देश दिया है। श्री चुघ ने कहा प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रयासों से ही पाकिस्तान स्थित गुरूद्वारा श्री करतारपुर साहिब के दर्शन के लिए सिक्ख समाज के लोगों के जाने का मार्ग प्रशस्त हुआ। इस अविस्मरणीय कार्य पर भी विपक्षी दलों ने राजनीति की। ऐसे दल कभी भी यह नहीं चाहते है कि सिक्ख व पंजाबी समाज भाजपा के नजदीक आये। जबकि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हमेशा राजनीति लाभ की भावना से दूर रहकर हर समाज के लोगों की भलाई के लिए कार्य किया है। उन्होंने कहा देश के अन्नदाता किसानों के हितों को प्राथमिकता देकर कई लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। श्री चुघ ने कहा कि जिस तरह गुरू गोबिंद सिंह जी महाराज के साहिबजादों ने सिक्ख धर्म के सिद्वांतों की रक्षा के लिए स्वयं को बलिदान किया। हर वीर बलिदान दिवस पर शहीद साहिबजादों के बलिदान से प्रेरणा लेकर समाज के हर व्यक्ति को देश व समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के लिये स्वयं को समर्पित करना होगा। श्री चुघ ने कहा कि सिक्ख समाज का इतिहास धर्म, देश व समाज की रक्षा के लिए दिये गये बलिदानों की गाथाओं से भरा हुआ है। आज भी देश की रक्षा के लिए भारी संख्या में सिक्ख व पंजाबी समाज के सैनिक अपने अन्य साथी सैनिकों के साथ सीमाओं पर दिनरात डटे हुए हैं।

## हेल्थ वर्कर्स, प्रमुख कर्मचारी और 60 साल से उपर वालों को बूस्टर डोज लगाई जाएगी

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



रूद्रपुर- देश में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के बीच 10 जनवरी से हेल्थ वर्कर्स, प्रमुख कर्मचारी और 60 साल से उपर वालों को बूस्टर डोज लगाई जाएगी। बूस्टर डोज के लिए लोगों को अलग से रजिस्ट्रेशन कराने की कोई आवश्यकता नहीं होगी। जिन लोगों ने कोविड वैक्सीन की दोनों डोज ले ली है, वे सीधे अप्वाइंटमेंट ले सकते हैं या फिर वैक्सीनेशन सेंटर जा सकते हैं।सरकार ने बुधवार को बताया कि स्वास्थ्यकर्मियों, अग्रिम पंक्ति के कर्मियों और 60 वर्ष तथा उससे अधिक उम्र के लोगों को दी जाने वाली कोविड-19 टीके की एहतियाती खुराक पहली दो खुराक की तरह ही होगी। नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) वी के पॉल ने कहा कि जिन लोगों ने पहली दो खुराक कोविशील्ड की ली है, उन्हें कोविशील्ड टीका दिया जाएगा और जिन लोगों ने कोवैक्सीन लिया है, उन्हें कोवैक्सीन दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि टीकों के मिश्रण से जुड़ी नयी जानकारी, विज्ञान और आंकड़ों पर भी नजर रखी जा रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी दिशानिर्देशों के अनुसार एहतियाती खुराक दूसरी खुराक दिए जाने की तारीख से नौ महीने यानी 39 सप्ताह पूरे होने के आधार पर दिए जाएंगे। देश में ओमिक्रॉन के बढ़ते खतरे को देखते हुए सरकार ने फ्रंट लाइन वर्कर्स और वृद्धों को बूस्टर डोज देने का फैसला किया है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने राष्ट्र के नाम संबोधन में इसका ऐलान किया था।

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

## मुरादाबाद में दोहराई जा रही दंगल फिल्म की कहानी, एक पिता अपनी दो बेटियों के लिए बुन रहा ओलंपिक पदक के सपने



मुरादाबाद- पहलवान पिता और दो पहलवान बेटियों का किरदार दंगल फिल्म जैसा ही है। कांठ रोड स्थित लदावली गांव के पहलवान करतार सिंह अपनी दोनों बेटियों को कुश्ती सिखाते हैं। पहलवान पिता के साथ अखाड़े में कुश्ती का प्रशिक्षण लेने वाली दोनों सगी बहनें इस मिथक को तोड़ने में जुटी हैं कि कुश्ती पुरूषों का खेल है और पिता के सपने को बेटा ही पूरा कर सकता है। 17 साल की मुस्कान कसाना और 13 साल की राशिका कसाना पहलवान पिता करतार सिंह से कुश्ती सीख रही हैं। दोनों बहने 25 से 27 नवंबर 2021 में राजस्थान के जयपुर में थर्ड नेशनल गेम में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। मुरादाबाद में 25 से 27 फरवरी 2021 में राज्य स्तरीय और इससे पहले 2020 में मेरठ में भी कुश्ती खेल चुकी हैं। अब जनवरी 2022 में थाईलैंड में अंतरराष्ट्रीय कुश्ती में भी खेलने को दोनों बेटियों के नाम चयनित हो चुके हैं। लेकिन, कोरोना के कारण यह रद हो सकती है। मुस्कान व राशिका कुश्ती खिलाड़ी के साथ-साथ शहर के नामचीन शिरडी साईं पब्लिक स्कूल में क्रमशरू 11वीं व आठवीं की छात्रा हैं। पहलवान पिता करतार सिंह भी प्राइमरी विद्यालय सीकरी, छजलैट में शिक्षक हैं। पिता और दोनों बेटियों की दिनचर्या बहुत कठिन है। लेकिन, जिन बेटियों का सपना ओलंपिक तक पहुंचने का हो, उन्हें पिता की मेहनत और अपनी तपस्या पर पूरा विश्वास है कि ओलंपिक में एक दिन खेलेंगी। दोनों बहनें पिता के साथ सुबह पांच बजे से दौड़ लगाती हैं फिर व्यायाम करती हैं। पिता करतार सिंह गांव लदावली में अपने ही अखाड़े में शाम को दोनों को कुश्ती सिखाते हैं। दोनों कामनवेल्थ गेम की कुश्ती चौंपियन गीता फोगाट की राह पर हैं। बता दें कि दंगल फिल्म हरियाणा के एक गांव से महावीर सिंह फोगाट का रोल आमिर खान ने निभाया है। फिल्म में दिखाया गया कि महावीर सिंह (आमिर खान) तब प्रभावित हुए जब उनकी दो बेटियां एक लड़के को बुरी तरह पीटकर आती हैं। उस दिन से आमिर खान ने बेटियों कुश्ती सिखाने का प्रण लिया। दो सगी बहनों की कुश्ती के ईदगिर्द यह फिल्म थी। करतार सिंह भी पांच बार रूविवि में रहे चुके कुश्ती चौंपियन रू लदावली निवासी पहलवान भी एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय स्तर की कुश्ती में पांच बार लगातार चौंपियन रह चुके हैं। राष्ट्रीय स्तर पर 12 स्वर्ण पदक जीतने वाले पहलवान करतार सिंह कहते हैं कि दोनों बेटियों को भी ओलंपिक में भारत के लिए खेलते हुए देखना चाहते हैं। इसीलिए नियमित तरीके से उनको कुश्ती के टिप्स दे रहे हैं। गांव में कुश्ती को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने करतार पहलवान स्पोर्ट्स अकादमी खोली है।

WWW.KNLSLIVE.COM

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों के मार्गदर्शन के लिए आदर्श आचार संहिता एवं कोविड संबंधी दिशानिर्देशों के संबंध में बैठक आहूत की

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद -जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों के मार्गदर्शन के लिए आदर्श आचार संहिता एवं कोविड संबंधी दिशानिर्देशों के संबंध में बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 25-कांठ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का नामांकन न्यायालय कक्ष अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर मुरादाबाद, 26-ठाकुरद्वारा विधान सभा क्षेत्र का नामांकन न्यायालय कक्ष अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मुरादाबाद, 27-मुरादाबाद ग्रामीण का नामांकन न्यायालय कक्ष उपजिलाधिकारी मुरादाबाद, 28-मुरादाबाद नगर का नामांकन न्यायालय कक्ष नगर मजिस्ट्रेट मुरादाबाद 29-कुन्दरकी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का नामांकन न्यायालय कक्ष अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम तथा 30-बिलारी विधान सभा क्षेत्र का नामांकन न्यायालय कक्ष उप संचालक चकबंदी मुरादाबाद में किया जायेगा। कांठ विधान सभा को 3 जोन 4 सेक्टर, ठाकुरद्वारा को 5 जोन 31 सेक्टर, मुरादाबाद ग्रामीण को 4 जोन 41 सेक्टर, मुरादाबाद नगर को 4 जोन, 40 सेक्टर, कुन्दरकी को 4 जोन 39 सेक्टर तथा बिलारी विधान सभा को 4 जोन एवं 26 सेक्टर में बांटा गया है। उन्होंने बताया कि पोलिंग पार्टी का प्रस्थान 25-कांठ, 26-ठाकुरद्वारा, 27-मुरादाबाद ग्रामीण तथा 28-मुरादाबाद नगर का सेन्ट मेरी स्कूल सर्किट हाउस के पीछे स्थित मैदान से तथा 29-कुन्दरकी, 30-बिलारी विधानसभा क्षेत्रों का मण्डी समिति मुरादाबाद से किया जायेगा।अधिकतर सीमा इण्डोर/आउटडोर रैली /बैठक के लिए अनुमन्य व्यक्ति की संख्या संबंधित एसडीएम के मौजूदा के निर्देशों के अनुसार होगी। इन बैठकों के लिए राजनैतिक पार्टियां शामिल होने वाले व्यक्तियों को मास्क और सेनिटाइजर वितरण करेंगी और प्रवेश और निकास बिन्दु पर कोविड प्रोटोकाल बनायें रखेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि इसके अलावा रैलियों और सभाओं को केवल निर्धारित स्थानों पर ही अनुमति दी जाएगी और जिला प्रशासन की पूर्व अनुमति के साथ। कोई भी रैली एवं जनसभा रात्रि 8



बजे से सुबह 8 बजे तक नही की जाएगी। नुक्कड सभा, चौराहों आम रास्तों पर नही की जाएगी। जनता के द्वार से द्वार प्रचार में अधिकतम 5 लोग जिनमें अभ्यर्थी शामिल हैं कर सकेंगे। कोई भी प्रत्याशी अथवा राजनैतिक दल दिशानिर्देशों की अवहेलना करता है तो उसको अवहेलना के पश्चात् कोई भी अनुमति नही दी जाएगी जिलाधिकारी ने बताया कि नामांकन प्रपत्र आनलाइन भी उपलब्ध हैं एवं कोई भी इच्छुक प्रत्याशी आनलाइन नामांकन प्रपत्र भर सकता है। प्रत्याशी जमानत राशि का भुगतान आनलाइन भी कर सकता है। प्रत्याशी अपने नामांकन प्रपत्र में भरी गयी सूचना को सुधार की आवश्यकता होने की दशा में आनलाइन भी सुधार सकता है। नामांकन भरने के लिए प्रत्याशी के साथ मात्र दो अन्य लोग प्रतिभाग कर सकते हैं। नामांकन भरने के लिए मात्र दो वाहनों का प्रयोग कर सकता है जिलाधिकारी ने वाहनों के उपयोग के संबंध में बताया कि पूर्व अनुमति प्राप्त करने के उपरान्त ही निर्वाचन कार्य हेतु वाहन का प्रयोग किया जायेगा। अनुमति की मूल प्रति वाहन की विंडस्क्रीन पर चस्पा करनी होगी, जो दूर से ही पठनीय हो। बिना किसी प्राधिकार /अनुमति के बगैर वाहन का प्रयोग अनाधिकृत होगा। प्रचार के लिए वीडियो वैन की अनुमति राज्य निर्वाचन अधिकारी स्तर से प्रदान की जाती है पार्टी या अभ्यर्थी द्वारा अस्थायी कार्यालय की स्थापना और संचालन के संबंध में बताया कि ऐसे कार्यालय किसी भी अतिक्रमण के माध्यम से सार्वजनिक या निजी सम्पत्ति या किसी भी धार्मिक स्थानों पर, अथवा धार्मिक स्थानों के परिसर /किसी भी शैक्षणिक संस्थान /अस्पताल के समीप, किसी भी मौजूदा मतदान के 200 मीटर की भीतर नही खोले जा सकते हैं। इसके अलावा ऐसे कार्यालय पार्टी का केवल एक झण्डा और एक बैनर को पार्टी प्रतीक /तस्वीरों के साथ प्रदर्शित कर सकते हैं और ऐसे कार्यालयों में उपयोग किए जाने वाले बैनर का आकार इस अतिरिक्त शर्त के अध्यधीन 4 फीट ग 8 फीट से अधिक नही होना चाहिए। यदि स्थानीय विधियों द्वारा बैनर/होर्डिंग इत्यादि के लिए अधिक छोटे आकार का निर्धारण किया जायेगा तो स्थानीय विधि द्वारा निर्धारित छोटे आकार का इस्तेमाल किया जायेगा। प्रशासन सुरेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर आलोक कुमार वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट एम0पी0 सिंह, मुख्य कोषाधिकारी समीर कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मो0 शाबाहत एवं महानगर अध्यक्ष भाजपा धर्मेन्द्र नाथ मिश्रा, कांग्रेस के मो0 आजम अंसारी, समाजवादी पार्टी के महेन्द्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष समाजवादी पार्टी संजीव चौधरी, महानगर अध्यक्ष बीएसपी एहसानउलहक कुरैशी, जिलाध्यक्ष बीएसपी वेदप्रकाश, जिला महामंत्री कार्यालय प्रभारी बीजेपी राजन विश्नोई, महानगर मंत्री भाजपा शम्मी भटनागर आदि उपस्थित रहें

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा-संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001;उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म. नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद ;उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# To clean energy



A news of science or its promotion took the whole world by surprise. It was as if China had made an artificial sun, it was also promoted like this. A world record has been claimed by maintaining a temperature five times that of the Sun for more than 17 minutes with the help of a nuclear mixture, also known as plasma. Before China, France did this experiment in the year 2003, in which the same temperature was maintained for 390 seconds.In May last year, China conducted a small experiment and maintained the same temperature for 101 seconds. Since these days China is trying its best to establish itself as a super power, so it is passionate about making records in every field. Of course, China's scientific progress over the years has been remarkable, but its experiments do not have the same credibility as the US or Europe. China will have to take many steps to increase credibility.However, it is absolutely wrong to name such an experiment as a second sun or an artificial sun. The tendency of the experiment may be slightly similar to that of the sun, but in shape and size, this experiment has no match from the sun far and wide. We are not going to make such an artificial sun in the distant future, which will be decorated on the sky and from which the whole world will be benefited. Therefore, first of all, scientists should avoid irrational claims or namingAnd the real practicality of such experiments should be tested. Then what is the meaning of the experiment done in France or China? Gong Jianju, a researcher at the Institute of Plasma Physics of the Chinese Academy of Sciences, said in a statement that the recent expedition lays a solid scientific and experimental foundation towards running a fusion reactor. In fact scientists are trying to harness the power of nuclear fusion. This is the same scientific process by which stars keep shining or burning for 70-70 years.Broadly speaking, this experiment is the next version of nuclear energy. Through such experiments, efforts are being made to create more and more energy. Since such an experiment or enterprise will yield clean energy, its importance becomes special. If energy is created in this way, the production of radioactive waste can also be avoided. With the changing times, the need for more and more clean energy is increasing, but in reality there is a need to make such use practical.The advantage is when this dream is brought to the ground. There is no doubt that the world is looking for nature friendly clean energy, but what is going on in the minds of countries that claim to be developed? If the vast countries of the world can save oil or coal as fuel and get enough energy from such plasma plants,So they are welcome, but the reality is that this destination of energy is still far away. Permanent heat emission from this process is still in the trial stage.

# When Pushpa became a hit, Rashmika Mandanna increased the fees! Will you charge so many crores for the next film?

Allu Arjun and Rashmika Mandanna starrer 'Pushpa: The Rise' was a blockbuster hit at the box office. Ranveer Singh and Deepika Padukone starrer film '83' also appeared to fade in front of this film. Because on one hand, Ranveer Singh's film was seen fighting to earn decent money at the box office, while Allu Arjun's film 'Pushpa' was doing tremendous business without any hindrance.Rashmika Mandanna increased her fees? - After the first part of the film became a blockbuster hit, now its second part will also be released soon, whose name has been decided by the makers as 'Pushpa - The Rule'. While there are reports of the second part of the film being made, it is also being told that the film's lead actress Rashmika Mandanna has increased her fees after this film.Rashmika will do the most expensive film? - According to a report in Bollywood Life, Rashmika had charged around Rs 2 crore for the first part itself. Now the news is that she is asking for Rs 3 crore fee for the second part. The more interesting thing is that the makers of 'Pushpa' have agreed to pay such a fee to Rashmika. However, there is no official confirmation in this matter yet.The career graph has gone up sharply - but if the makers confirm this, then it will be considered as the most expensive film of Rashmika's career so far. Let us inform that Rashmika has been active in the cinema world since the year 2016 and her career graph has gone up very fast. Rashmika, who has been doing only Kannada, Tamil and Telugu films for a long time, will soon be seen in the Hindi film 'Mission Majnu'.



# Sushmita Sen danced fiercely with daughters after breakup, commented on Rohman Shawl



Sushmita Sen has shared a stunning video dancing with her daughters Rene and Alisah. Sushmita's ex-boyfriend Rohman Shawl's comment on this video clip is grabbing everyone's attention. Her fans are also showering love on Sushmita Sen and her daughters' dance. Let us inform that Sushmit Sen had announced his breakup with Rohman Shawl in the past.Together it was written that the relationship is over but friendship will always be there. Many fans were heartbroken by this post of his. Now people are expressing happiness on Rohman's comment on his video.If you do not feel like working out, then dance-Sushmita Sen's recent video with daughters is being seen a lot. In this video, Sush, Rene and Alisa are dancing with great enthusiasm. Sushmita wrote in the caption, If you do not feel like working out, then let's dance. Listen to your heart, follow your beat, beat to your own tune, cardio is done.Rohman praises Alisa - This video of Sushmita has been viewed more than 5 lakh times. On this, Rohman has praised Sushmita's younger daughter in the comment and wrote, Alisa is Alisa everywhere. On Rohman's comment, a social media user has written, You are a lovely person who has a very pure heart.No love without respect- Sushmita is quite active on social media after announcing her breakup with Rohman. In her recent live session, she had said that she gives respect to respect more than love. Also said that without respect there can be no love. If there is respect then there is hope of love coming back.


## स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2022 के लिए ब्रांड एंबेस्डर मनोनीत



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्राथमिकता के बिंदुओं में शामिल स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगर पालिका परिषद , एटा की ओर से मुझे स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2022 के लिए ब्रांड एंबेस्डर प्रदीप रघुनंदन मनोनीत किया गया है स आप सभी शुभचिंतकों का धन्यवाद स मेरी कोशिश रहेगी कि मैं अपने शहर एटा को स्वच्छता में अब्बल नंबर दिलाओ। आज अपने आवास पर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीरा गांधी ने मुझे स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2022 का ब्रांड एंबेसडर बनाए जाने का अधिकार पत्र सौंपा।

## संदीप गुप्ता जी के शान्ति पाठ में अलीगंज पहुंच कर अ.भा.वैश्य एकता परिषद ने हृदय की गहराईयों से विनम्र श्रद्धांजलि



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- वैश्य समाज के सच्चे कोहिनूर स्व. श्री संदीप गुप्ता जी के शान्ति पाठ में अलीगंज पहुंच कर अ.भा. वैश्य एकता परिषद ने हृदय की गहराईयों से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. सुमंत गुप्ता जी , राष्ट्रीय महासचिव श्री प्रमोद गुप्ता जी , जैथरा के सम्मानित पूर्व चेयरमैन श्री विनोद गुप्ता जी , जिला अध्यक्ष श्री नरेंद्र गुप्ता जी , कोषाध्यक्ष श्री वीरेन्द्र अग्रवाल टिल्लू जी , कार्यकारिणी सदस्य श्री राकेश भाई जी , श्री संजय गुप्ता नेताजी , श्री आनंद गुप्ता जी , श्री विवेक गुप्ता , श्री अनुपम गुप्ता , श्री मोनी गुप्ता , श्री प्रशांत गुप्ता गांधी जी आदि बंधुओं के साथ शान्ति पाठ में पहुंच कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर ईश्वर से प्रार्थना की कि स्व. श्री संदीप गुप्ता जी आत्मा को शांति प्रदान कर उनके पीड़ित परिजनों को इस कष्ट दायक पीड़ा को सहन करने की शक्ति प्रदान करना

## फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण कार्य अभी तक नही पूरा



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ़ - सरकार की सेप्टेज प्रबंधन नीति को नगर निगम लागू नहीं कर पा रहा। इस नीति के तहत सेप्टिक टैंक खाली करने की पुरानी व्यवस्था पर अंकुश लगाया जाना था। लेकिन, फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण पूरा न हो पाने से योजना व्यवस्थित नहीं हो सकी है। जबकि, प्लांट का निर्माण बीते साल तक हो जाना चाहिए था। इसका लाभ उन लोगों को मिलेगा, जिनके घर सीवर नेटवर्क में नहीं हैं। प्लांट बनने के बाद सेप्टिक टैंक खाली करने में हो रही परेशानियों का निस्तारण हो सकेगा।

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM


## विधायक व चेयरमैन ने म्रतक संदीप गुप्ता के परिजनों को मुख्यमंत्री से मिलाया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

लखनऊ / एटा - विगत वर्ष 27 दिसम्बर को अलीगढ़ के व्यस्ततम बाजार में सरेशाम सीमेंट के प्रमुख व्यवसायी एवं अलीगंज में संचालित प्रतिष्ठान साडी संसार के मालिक संदीप गुप्ता की शार्प शूटरों द्वारा गोलियों से भूनकर निर्मम हत्या कर दी गई थी।इस हत्याकांड में जितने भी नाम उजागर हुए उनको अलीगढ पुलिस आज तक गिरफ्तार नहीं कर पायी है ! म्रतक संदीप गुप्ता के परिजनों को होगा सरकार के दो मंत्री एवं दो सांसद सांत्वना देने जरूर आए , उनसे म्रतक संदीप गुप्ता के पिता व परिजनों ने गुहार लगाई कि आप हमें मुख्यमंत्री से मिलवा दो,पर किसी ने भी मुख्यमंत्री से मिलवाने की हामी नही भरी। तब आज संदीप गुप्ता के त्रयोदशी संस्कार के दिन अलीगंज से भाजपा के कद्दावर विधायक सत्यपाल सिंह राठौर व नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता " राजू " द्वारा म्रतक संदीप गुप्ता के पिता रामप्रकाश गुप्ता शरद ,मृतक संदीप की पत्नी,बेटी,और भाई पिंकी को लखनऊ में कालीदास मार्ग स्थिति मुख्यमंत्री आवास पर योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करवाकर उन्हें संदीप गुप्ता की निर्मम हत्या की विस्त्रत जानकारी दी। म्रतक संदीप गुप्ता के पिता रामप्रकाश गुप्ता व परिजनों ने मुख्यमंत्री से इस जघन्य हत्याकांड में शामिल लोगों के पर्दाफाश के लिए सीबीआई जांच की भी गुहार लगाई।मुख्यमंत्री ने मृतक संदीप के परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस हत्याकांड में जो भी अपराधी और सफेदपोश शामिल होगें उनको किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा तथा उनको कठोरतम सजा जरूर मिलेगी। विधायक सत्यपाल सिंह राठौर ने बताया कि मुख्यमंत्री से मिलने के उपरांत संदीप गुप्ता के परिजनों को महसूस हुआ कि अब हमें निश्चय ही न्याय मिलेगा,योगी जी ने इस हत्याकांड की पूरी कहानी को बहुत ही गम्भीरता से सुना और स्पष्ट रूप से कहा कि न हत्यारे बचेंगे और न ही उनके आका बच पाएंगे

## धनराशि 49990 रूपये की धनराशि को पीडित के बैंक खाते में वापस



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा - वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदयशंकर सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा श्रीमती स्नेहलता के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में साइबर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर सैल एटा द्वारा आनलाइन ठगी का शिकार हुए शिकायतकर्ता श्री सहदेव कुमार पुत्र श्री होतीलाल नि0 ग्राम जमौं जलेसर थाना जलेसर जनपद एटा ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने शिकायतकर्ता के फोन पर काल किया व शिकायकर्ता के खाते से 69987 रूपये निकाल लिये । अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा द्वारा साइबर सेल की टीम को प्रकरण की जांच कर शिकायतकर्ता की समुचित मदद करने हेतु निर्देशित किया गया। साइबर सैल एटा द्वारा मामले की गंभीरता से जांचकर त्वरित व लाभप्रद कार्यवाही करते हुए तथा सम्बन्धित बैंक/गेट-वे को ई-मेल करते हुये आज दिनाँक 10/01/2022 को शिकायतकर्ता की ठगी गई धनराशि 49990 रूपये की धनराशि को पीडित के बैंक खाते में वापस कराया गया है। अपने पैसे वापस पाकर शिकायतकर्ता द्वारा एटा पुलिस को धन्यवाद देते हुए भूरि भूरि प्रशंसा की गई है।

## अग्नि शमन सुरक्षा सम्वंधी प्रशिक्षण देते हुए रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 शिवदयाल शर्मा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा - नेशनल हाईवे फिलिंग स्टेशन सिकन्दरा थाना सिकन्दरा आगरा पर पैट्रोल पम्प के कर्मचारियो को अग्नि शमन सुरक्षा सम्वंधी प्रशिक्षण देते हुए रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 शिवदयाल शर्मा जनपद आगरा ।आगरा। आज दिनांक 10. 01.22.को श्री शिवदयाल शर्मा रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 ने नेशनल हाईवे फिलिंग स्टेशन सिकन्दरा थाना सिकन्दरा आगरा पैट्रोल पम्प के कर्मचारियो को अग्नि शमन सुरक्षा सम्वंधी जानकारी दी गई । तथा पैट्रोल पम्प पर आग लगने के कारणो व वुझाने की भी जानकारी दी गई । तथा आग लगने पर पैट्रोल पम्प पर उपलब्ध अग्नि शामक यन्त्रो को चलाने की व वुझातै समय सावधानी बरतने की भी जानकारी दी गई । तथा कोराना को देखते हुए सरकार द्वारा दी गई गाइड लाइन के भी सुझाव दिये गये । तथा साथ ही साथ सी.एफ.ओ ने पैट्रोल पम्प के कर्मचारियो व जनता के उपस्थित लोगो को फायर स्टेशन के आपातकालीन टैलीफोन नंबरो की भी जानकारी दी गई । मौके पर उपस्थित सुपर वाइजर श्री शिवकुमार शर्मा व स्टाफ अचल सिंह, रामवावू , विशाल, ववलू, पप्पू, प्रदीप व जनता के लोगो ने इस कार्य की काफी प्रशंसा की

# मॉल के गार्ड ने सफाई कर्मचारी को मारी गोली, मौके पर मौत




शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ़ – सिविल लाइन क्षेत्र के सेंटर प्वाइंट सिटी सेंटर मॉल पर सिक्योरिटी गार्ड अंशुल चौहान ने बाल्मिकी समाज के सफाई कर्मचारी पुनीत(21) वर्ष की गोली मारकर हत्या कर दी। गौरतलब है कि जातिसूचक शब्दों को लेकर कुछ दिनों पहले भी झगड़ा हो गया था। सोमवार सुबह फिर से जातिसूचक शब्दों को लेकर बहस हो गई। जिस पर गार्ड ने अपनी बंदूक से गोली चला दी, जो सफाईकर्मी को जा लगी। गंभीर हालत में उसे जेएन मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मौके पर भारी संख्या में फोर्स पहुँच गई। परिवार के लोगों और सफाइकर्मियों ने सिटी सेंटर मॉल के बाहर जाम लगा दिया। गुस्साए लोगों ने सिटी सेंटर में तोड़फोड़ व पथराव किया। सूचना मिलते ही एसपी सिटी कुलदीप गुनावत सीओ तृतीय श्वेताभ पांडे आला पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाया, एडीएम सिटी राकेश कुमार पटेल ने भी सफाई कर्मचारियों व प्रदर्शनकारियों को न्यायिक आश्वासन दिलाने की बात कही। वहीं पुलिस ने गार्ड अंशुल चौहान को हिरासत में ले लिया है। परिजनों की तहरीर के अनुसार अग्रिम कार्रवाई में पुलिस जुटी हुई है। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

WWW.KNLSIVE.COM

# मालवीय पुस्तकालय बंद करने के नोटिस पर विद्यार्थियों का हंगामा



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ़ – कोरोना के बढ़ते मामले को लेकर मालवीय पुस्तकालय को बंद करने के नोटिस पर विद्यार्थी नाराज़ हो गए और खूब हंगामा किया। हंगामा बढ़ते देख पुलिस कर्मियों को बुलाया गया। शाम 5 बजे तक बंद होने वाला पुस्तकालय छह बजे बंद किया गया। पुस्तकालय को खोले और न खोले जाने को लेकर सचिव डीएम से मुलाक़ात करेंगे। जैसा निर्णय होगा, उसी के अनुरूप फैसला होगा।

# एआइएमआइएम के जिलाध्यक्ष गुफरान नूर ने दिया विवादित बयान, वीडियो वायरल



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ़ – विधानसभा चुनाव निकट हैं वहीं अपने बयानों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहने वाले आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन के जिलाध्यक्ष गुफरान नूर एक नारे को लेकर फिर चर्चाओं में हैं। तीन दिन पहले हुई एक नुक्कड़ सभा में गुफरान ने दलित-मुस्लिम साथ चलेगा, बाबर जैसा राज चलेगा नारा लगवाया था। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है।

# सूरजपुर पुलिस ने फाईन इण्डिसेल्स (फाईन इंडिया) चिटफण्ड कंपनी के 2 डायरेक्टरों को किया गिरफ्तार

## 5 लाख 20 हजार रूपये कीमत के 1 स्कोडा कार, 2 नग क्रेडिट कार्ड, 1 मोबाईल, 3 नग चेक जप्त



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- दिनांक 27.03.2016 को ग्राम डुमरिया सूरजपुर निवासी रनसाय राजवाड़े ने थाना सूरजपुर में लिखित शिकायत दिया कि इसके पास बेनी माधव निवासी नमदगिरी व नारायण राजवाड़े निवासी महगवां आए और फाईन इंडिया कंपनी के बारे में बताए कि कंपनी के अभिकर्ता है और कंपनी का बहुत अच्छा प्लान है जो 1 लाख रूपये जमा करने पर जमाकर्ता को 9 हजार रूपये प्रतिमाह जीवनभर मिलेगा, जिससे प्रभावित होकर आवेदक और अन्य गवाहों से कुल 3 लाख 50 हजार रूपये आरोपियों द्वारा षड़यंत्र पूर्वक फाईन इंडिया कंपनी में जमा कराकर ऑनलाईन पर्ची दिए, जब प्रतिमाह पैसा नहीं मिला तो दोनों से सम्पर्क करने पर पैसा मिलेगा कहकर टालमटोल करते रहे और पैसा मांगने पर गाली-गलौज किया गया और धोखाधड़ी कर कंपनी बंद कर दिए। शिकायत जांच पर अपराध का घटित होना पाए जाने पर थाना सूरजपुर में अपराध क्र. 162/16 धारा 420, 120बी, 294, 506, भादवि, इनामी चिट और धन परिचालन स्कीम पाबंदी अधिनियम 1978 की धारा 4, 5, 6, छत्तीसगढ़ निक्षेपकों का संरक्षण अधिनियम की धारा 10 के तहत का मामला पंजीबद्व किया। प्रकरण में आरोपी बेनी माधव, नारायण राजवाड़े कंपनी के अभिकर्ता होने के कारण माननीय सर्वोच्च न्यायालय के गाईड लाईन के आधार पर आरोपीगण से गवाह बनाया गया और मुख्य आरोपी फाईन इंडिया के डायरेक्टर दिवाकर सिन्हा, भूपेन्द्र चतुर्वेदी व अन्य को आरोपी बनाते हुए विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की विवेचना के दौरान पाया गया कि फाईन इण्डिसेल्स प्रा.लि. कंपनी के डायरेक्टर भूपेन्द्र चतुर्वेदी, दिवाकर सिन्हा और सईद अहमद है जिसके बाद थाना सूरजपुर की पुलिस ने दुर्ग से कंपनी के डायरेक्टर भूपेन्द्र चतुर्वेदी पिता स्व. नंदकुमार निवासी भिलाई नेहरूनगर, थाना सुपेला जिला दुर्ग को दिनांक 02.01.2022 को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 1 नग लेपटाप, 1 नग मोबाईल कीमत 1 लाख रूपये का जप्त किया गया और 2 अन्य डायरेक्टरों की पतासाजी में लगी रही। राज्य शासन ने चिटफण्ड कंपनी के विरूद्व लंबित मामलों में तेजी लाने एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे जिसके परिपेक्ष्य में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता ने चिटफण्ड के प्रकरणों में फरार आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तार करने पुलिस टीम को लगाया था।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी गीता वाधवानी के मार्गदर्शन में थाना सूरजपुर पुलिस की 2 टीमों को पुख्ता जानकारी के आधार आरोपियों को विधिवत् पकड़ने रवाना किया गया, पुलिस की एक टीम ने रायपुर से कंपनी के डायरेक्टर दिवाकर सिन्हा पिता स्व. दिनेश्वर प्रसाद सिन्हा उम्र 52 वर्ष निवासी मुगेर, थाना व जिला मुगेर बिहार को पकड़ा जिसके कब्जे से 1 स्कोडा कार क्रमांक सीजी 07 एएस 0501, 2 नग क्रेडिट कार्ड, 1 नग मोबाईल व 3 नग चेक कुल कीमत 5 लाख 20 हजार रूपये का जप्त किया गया। पुलिस की दूसरी टीम ने कानपुर से कंपनी के डायरेक्टर सईद अहमद पिता रफिक अहमद उम्र 44 वर्ष निवासी जार्ज मऊ, थाना चचेरी, जिला कानपुर उत्तरप्रदेश का पकड़ा गया। मामले में दोनों आरोपियों के विरूद्व अपराध सबूत पाए जाने पर विधिवत् गिरफ्तार किया गया। पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि प्रारंभ में फाईन इण्डिसेल्स (फाईन इंडिया) प्रा.लि. कंपनी बनाकर नेटवर्किंग सिस्टम से जोड़ा गया, कंपनी से जुड़ने के लिए 2 हजार रूपये सदस्या शुल्क लेकर उन्हें सामग्री की पैकेट दी जाती थी बाद में उसे बढ़ाकर 10 हजार रूपये कर दिया गया और उसकी भी सामग्री दी जानी लगी। नेटवर्किंग सिस्टम में जो एजेंट जितने ज्यादा सदस्य बनाता था उसे प्रत्येक सदस्य से 1 हजार रूपये कमीशन दी जाती थी इस प्रकार करोड़ो-अरबो की धोखाधड़ी की गई। प्रचार-प्रसार के अभाव एवं एजेंट बढ़ाने के उद्देश्य कंपनी का ऑफिस कानपुर उत्तरप्रदेश से बढ़ाते हुए मुम्बई में प्रारंभ किया गया। इन जगहों से पूरे भारतवर्ष के धोखाधड़ी को अंजाम दिया गया। सूरजपुर जिले से 132 इन्वेस्टरों से करीब के 98 लाख रूपये की राशि की धोखाधड़ी की गई है। कलकत्ता सीबीआई के द्वारा प्रकरण की विवेचना की जा रही है एवं कटक उड़ीसा सीबीआई न्यायालय में प्रकरण विचारण में है। प्रर्वतन निदेशालय (ईडी) के द्वारा फाईन इंडिसेल्स (फाईन इंडिया) प्रा.लि. कंपनी के पूरे एकाउण्ड से 150 करोड़ रूपये फ्रीज किया है जिसके संबंध में अग्रिम कार्यवाही उनके द्वारा की जा रही है। फाईन इण्डिसेल्स कंपनी के विरूद्व हमारे जिले में थाना सूरजपुर के अलावा जिला जांजगीर-चाम्पा में 3 प्रकरण, जिला कांकेर में 1 प्रकरण, जिला बालौद में 2 प्रकरण एवं जिला राजनांदगांव 01 प्रकरण कुल 08 पंजीबद्व है। जिन जिलों में कंपनी के विरूद्व मामला पंजीबद्व है वहां की पुलिस को आरोपियों की गिरफ्तारी के बारे में सूचना दे दी गई है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर दीपक पासवान, एसआई संतोष सिंह, एएसआई देवनाथ चौधरी, प्रधान आरक्षक ऐसन पाल, तालीब शेख, रजनीश त्रिपाठी, आरक्षक लक्ष्मी नारायण मिर्रे, कैलाश यादव, युवराज यादव, रौशन सिंह, अकरम मोहम्मद व सत्यम सिंह सक्रिय रहे।

WWW.KNLSLIVE.COM

## प्रचार सामग्री में मुद्रक, प्रकाशक का नाम व पता अवश्य लिखा हो: डीईओ



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बदायूँ- जिला निर्वाचन अधिकारी दीपा रंजन ने अवगत कराया है कि आदेश लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 127-क में प्राविधानित है कि कोई व्यक्ति किसी ऐसे निर्वाचन पैम्फलेट अथवा पोस्टर का मुद्रण या प्रकाशन नहीं करेगा। जिसके मुख्य पृष्ठ पर मुद्रक एवं इसके प्रकाशक का नाम व पता न लिखा हो। कोई निर्वाचन पैम्फलेट अथवा पोस्टर का मुद्रण नहीं करेगा या मुद्रित नहीं करवाएगा जब तक कि पहचान की घोषणा उनके द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी तथा दो व्यक्ति जो उन्हें व्यक्तिगत रूप से जानते हों, द्वारा सत्यापित न हो तथा जिसे उनके द्वारा डुप्लीकेट में मुद्रक को न दिया जाए, तथा जब तक कि दस्तावेज के मुद्रण के पश्चात उचित समय पर मुद्रक द्वारा दस्तावेज की एक प्रति के साथ घोषणा की एक प्रति जिला मजिस्ट्रेट को न भेजी जाए। निर्वाचन पैम्फलेट अथवा पोस्टर से तात्पर्य है अभ्यर्थी अथवा अभ्यर्थी के समूह के निर्वाचन के प्रचार या पूर्व धारण के बिना वितरित किए गए हैण्डबिल अथवा दस्तावेज या कोई इश्तहार जो निर्वाचन के संदर्भ में हो परन्तु जिसमें केवल निर्वाचन एजेन्टों अथवा कार्यकर्ताओं के लिए निर्वाचन सभा अथवा अनुदेश की तिथि, समय, स्थान, तथा अन्य विवरण की घोषणा से जुड़े कोई हैंण्डबिल, विज्ञापन अथवा पोस्टर शामिल न हों। कोई व्यक्ति जो उप धारा (1) अथवा उप धारा (2) के किसी भी उपबंध का उल्लंघन करता है। वह 6 महीने तक कारावास अथवा जुर्माना जिसे दो हजार रूपये तक बढ़ाया जा सकता है अथवा दोनों दण्ड दिये जा सकते हैं। अतः उपरोक्त के क्रम में जनपद बदायूँ की सीमा के अन्तर्गत स्थित सभी प्रिंटिंग प्रेसों को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त प्राविधानों का तत्काल अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। यदि उपरोक्त नियमों का उल्लंघन होता पाया जाता है तो निर्वाचन के नियमों के अन्तर्गत कार्यवाही की जाएगी। सम्बंधित प्रिंटिंग प्रेस ऐसे निर्वाचन से सम्बंधित पैम्फलेट अथवा पोस्टर व अन्य सामग्री की प्रति दो दिन के अन्दर निर्धारित प्रारूप पर जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे

WWW.KNLSLIVE.COM

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# आखिर हिन्दी को राजभाषा का दर्जा अब तक क्यों नहीं?

सद्दाम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

हिन्दी ! यह सिर्फ एक भाषा ही नहीं है बल्कि हमारे भारत देश की धड़कन है। यह जनसंचार का बेहतर, सरल व सबसे बड़ा माध्यम है। पत्रकारिता से लेकर वालीवुड तक, लेखन से लेकर मंचन तक, विज्ञापन से लेकर राजनीति तक सबने हर दिन नये नये शब्द गढ़े, नई परम्पराएँ और नई शैली विकसित की। फिर भी हिन्दी जीवन्त है और सदा ही रहेगी। हिन्दी एक ऐसी समृद्ध भाषा है जिसका महत्व कभी भी कम नहीं हो सकता। यह सत्य है और यह परम्परा चला आ रहा है कि लम्बे अंतराल के बाद भाषा के स्तर पर परिवर्तन होते रहते हैं। परन्तु हिन्दी में ऐसे परिवर्तनों को सहज स्वीकार करने की अपार क्षमता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हिन्दी जोड़ना सिखाती है और इससे भी बड़ी बात यह है कि यह किसी भी भाषा की शत्रु भाषा नहीं है बल्कि सखी भाषा है। कुछ लोग व्यक्तिगत लाभ अर्जित करने के लिए हिन्दी को निचा दिखाकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करते हैं। सच तो यह है कि ऐसे लोग गुलाम मानसिकता के होते हैं जो हिन्दी भाषा को कमतर समझते हुए हिन्दी भाषा का अपमान करने पर सदैव प्रयासरत रहते हैं। हिन्दी भाषा किसी के सहानुभूति की कत्तई मुहताज नहीं है। यह सच्चे भारतीयों के आत्मा से निकली हुई आवाज़ है। यह हमारी राजभाषा है। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने 29 मार्च 1918 को इन्दौर में हुए आठवें हिन्दी साहित्य सम्मेलन की अध्यक्षता की थी। इस हिन्दी साहित्य सम्मेलन में अध्यक्ष के रूप में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी ठेठ कठियावाड़ी पगड़ी, कुर्ता और धोती में लकदक होकर मंच पर आसीन थे। इस सम्मेलन का आयोजन मध्य भारत हिन्दी साहित्य समिति ने किया था। सम्मेलन को बतौर अध्यक्ष संबोधित करते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने कहा था कि ष्जैसे अंग्रेज अपनी मादरी जबान अंग्रेजी में ही बोलते हैं और सर्वदा उसे ही अपने व्यवहार में लाते हैं। वैसे ही के लिए मैं आपसे प्रार्थना करता हूँ कि आप सभी हिन्दी को राजभाषा बनाने का गौरव प्रदान करें। हिन्दी वह भाषा है जिसे हिन्दू और मुसलमान दोनों बोलते हैं और यह नागरी अथवा फ़ारसी लिपि में लिखी जाती है। हिन्दी संस्कृतमयी भाषा नहीं है और न ही एकदम से फ़ारसी अल्फाज़ों से लदी हुई है। देश



की संविधान सभा में सर्वसम्मति से 14सितम्बर1949 को हिन्दी को राजभाषा घोषित किया गया था। भारत देश का संविधान 26 जनवरी 1950 को लागु हुआ और हिन्दी को भी राजभाषा के रूप में उसी दिन से ही लागू हो जाना था। लेकिन पहले से अंग्रेजी में चल रहे तमाम कामधाम के मद्देनज़र 15 साल के लिए ग्रेसपीरियड प्रदान किया गया। इसके मुताबिक 26 जनवरी 1965 तक केंद्र और राज्यों के बीच होने वाले पत्राचार में हिन्दी के साथ साथ अंग्रेजी के प्रयोग की छूट दी गयी थी। 26 जनवरी 1965 को गणतंत्र दिवस के दिन ग्रेस पीरियड की मियाद पूरी होने वाली थी और ष्हिन्दीष भारत देश की एकमात्र ष्राजभाषाष बनने वाली थी। लेकिन अफ़सोस कि 26 जनवरी 1965 को गुजरे आज 57 वर्ष हो गये लेकिन हमारे देश में ष्हिन्दीष को राजभाषा का दर्जा नहीं मिला। हमारे देश के लिए और समस्त देशवासियों के लिए देश का संविधान ष्भारतीय संविधानष सर्वोच्च है। देश और देश के नागरिकों के लिए भारतीय संविधान से बड़ा कुछ भी नहीं है। भारतीय संविधान सभा ने सर्वसम्मति से 14 सितम्बर 1949 को ष्हिन्दीष को राजभाषा की मान्यता दी है जो भारतीय संविधान में भी दर्ज है। बावजूद इसके आज तक हिन्दी को राजभाषा का दर्जा न दिये जाने का कारण क्या है? क्या क्षेत्रवाद और क्षेत्रीय भाषाओं से कमतर हमारी राजभाषा हिन्दी है? आखिर हिन्दी को अबतक राजभाषा की मान्यता न देने का वास्तविक कारण क्या है? आज हमारे देश में एक राष्ट्र और एक कानून, समान नागरिक संहिता की बात तो खूब जोर शोर से की जाती है लेकिन हिन्दी को एक मात्र राजभाषा के रूप में मान्यता देने और इसे व्यवहार में लाने की बात क्यों नहीं की जाती है? इस पर चुप्पी क्यों साध ली जाती है? आखिर ऐसा क्यों ? इस सवाल का जवाब कौन देगा। हिन्दी को राजभाषा के रूप में सर्वथा व्यवहार में लाना हम समस्त भारतीयों का कर्तब्य बनता है। हिन्दी ही एक मात्र ऐसी भाषा है जो राजभाषा के रूप में एक ऐसा धागा साबित हो सकता है जो राष्ट्रीय एकता को एक माला के रूप में पिरोये रहने में पूर्णतया सक्षम है। राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने के लिए हिन्दी को राजभाषा के रूप में लागू होने राह में कोई भी क्षेत्रीय भावना बाधक नहीं बनना चाहिए। मैं जब भी इस विषय पर सोचता हूँ कि आखिर हिन्दी को अबतक राजभाषा के रूप में मान्यता क्यों नहीं दिया गया तो अकस्मात ही स्वर्गीय जे०बी०कृपलानी जी की कही हुई बात याद आ जाती है कि हिन्दी के पैरोकारों के लिए अब उम्मीद की कोई किरण नहीं है। यह बात उन्होंने 26 जनवरी 1965 के बाद ग्रेस पीरियड समाप्त होने के बाद भी हिन्दी को एकमात्र राजभाषा के रूप में मान्यता न मिलने पर कही थी। कृपलानी जी ने हिन्दी को राजभाषा के रूप में मान्यता को लेकर आयोजित एक महत्वपूर्ण मीटिंग में फ्रैंक एंटोनी के हिन्दी को लेकर दिए गये ब्यान पर मजाकिया लहज़े में टिप्पणी करते हुए कहा था कि एंटोनी साहब गैरजरूरी तरीके से अपनी मातृभाषा को लेकर चिंतित हैं। उन्हें यह याद रखना चाहिए कि इंग्लैण्ड में अंग्रेजी खत्म हो सकती है लेकिन भारत देश में यह कभी खत्म नहीं होगी। यह 57 वर्ष पूर्व कही हुई श्री जे०बी०कृपलानी जी की बात जो विनोदप्रिय रूप से कही गयी बात एक कटुसत्य बनकर समस्त हिन्दी प्रेमियों को आईना दिखाने का काम कर रही है। हम भारतीयों के मानसिक गुलामी को दर्शा रही है। हम आज़ाद भारत में भी अंग्रेजों की मातृभाषा को सम्मान दे रहे हैं और उसे सर्वथा व्यवहार में लाने में गौरवान्वित हो रहे हैं और भारत की राजभाषा को सर्वथा व्यवहार में लाने में संकोच कर रहे हैं। वास्तविकता यह है कि ऐसा कर हम अपने राष्ट्र, संविधान और राजभाषा का अपमान कर रहे हैं। इससे बड़ा शर्म की बात हम भारतीयों के लिए और दूसरा क्या हो सकता है। हो सकता है कि मेरा यह लेख कुछ छद्म राष्ट्रवादियों को नागवार गुजरे लेकिन सत्य तो हमेशा सत्य होता है। हाँ ! सत्य थोडा कड़वा जरूर होता है पर सत्य होता है। जिसे झुठलाया नहीं जा सकता. इसके अतिरिक्त मुझे कुछ नहीं कहना है।

# बेटे ने मां बाप को पीट कर निकाला घर से बाहर

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती -दंपती ने अपने बेटों का पालन-पोषण बड़ी उम्मीदों से किया था। दंपति ने सोचा था कि बेटा बड़ा होगा तो बुढ़ापे का सहारा बनेगा। लेकिन उसी बेटे ने पत्नी के साथ मिलकर अपने माता-पिता को पीटकर घर से बाहर निकाल दिया था। दंपति ने अपना दर्द प्रार्थना पत्र के माध्यम से जिला अधिकारी श्रावस्ती तथा पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती पुलिस को बयां किया है। जानकारी के मुताबिक,नवीन मॉडल थाना श्रावस्ती क्षेत्र स्थित ग्राम बीरपुर खैरहनिया मौजा पूरे मंसाराम में रहने वाले मोहम्मद सईद पुत्र मोहम्मद अयूब अपने परिवार के साथ रहते हैं। मोहम्मद सईद के परिवार में पत्नी तथा चार बेटे क्रमशः सलमान उर्फ अशरफ, फैजान उर्फ अरमान ,फरहान उर्फ फरमान तथा रेहान हैं। दंपती ने बताया कि उन्होंने अपने जीवन की कमाई पूंजी से बड़े पुत्र सलमान उर्फ अशरफ का विवाह माह नवंबर वर्ष 2021 में हरदत्त नगर ग्रिंट जनपद श्रावस्ती निवासी रईस की पुत्री फरीदा के साथ किया था तथा अपने पुत्र को कपड़े की दुकान भी 15 लाख रूपए पूंजी लगाकर कराया था परंतु अब वही लड़का अपनी पत्नी तथा ससुराल वालों के बहकावे में आकर प्रार्थी की संपत्ति में बंटवारे का दबाव बना रहा है और समस्त पूंजी हड़प कर जाना चाहता है इसलिए आए दिन प्रार्थी तथा प्रार्थी की पत्नी तथा परिवार के अन्य सदस्यों को मारता पीटता है अपनी मां के सारे जेवरात व पचास हजार रूपए तथा दंपत्ति के दो मोबाइल छीन लिया ,बेटे के मारने से मां की उंगली टूट गई है पीड़ित दंपत्ति ने बताया कि वह अपने बड़े बेटे के साथ कोई संबंध नहीं रखना चाहते हैं तथा अपने बेटे को अपनी संपत्ति से बेदखल करते हैं भेजे गए प्रार्थना पत्र में उन्होंने फरियाद की है कि बड़े बेटे सलमान उर्फ अशरफ को संपत्ति से बेदखल करने की उद्घघोषणा के साथ वैधानिक कार्यवाही किए जाने की मांग किया है ! दंपती ने इसकी शिकायत नवीन मॉडल श्रावस्ती थाने में की थी लेकिन बहू-बेटे पर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।

www.knlslive.com

# डीईओ ने की राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बदायूँ- जनपद में विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को स्वतंत्र निष्पक्ष पारदर्शी कुशलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी दीपा रंजन ने कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता गाइडलाइन का शत-प्रतिशत अनुपालन करने के संबंध में व विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल संपन्न करने के संबंध में बैठक आयोजित की। डीईओ ने राजनीतिक दलों से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशा निर्देशों से राजनैतिक पार्टियों को अवगत कराना ही इस बैठक का मुख्य उद्देश्य है।उन्होंने बताया कि जनपद में द्वितीय चरण में चुनाव होगा। नाम निर्देशन पत्र अवकाश के दिनों को छोड़कर जमा करना होगा। जिसमे निर्वाचन की अधिसूचना जारी किये जाने का 21 जनवरी 2022 दिन शुक्रवार, नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए हेतु अन्तिम 28 जनवरी 2022 दिन शुक्रवार, नाम निर्देशन पत्रों की जांच हेतु 29 जनवरी 2022 दिन शनिवार, नाम वापसी हेतु अंतिम 31 जनवरी 2022 दिन सोमवार, मतदान का दिनांक 14 फरवरी 2022 (सोमवार) मतगणना का दिनांक 10 मार्च 2022, (बृहस्पतिवार),12 मार्च 2022 दिन शनिवार को जिसके पूर्ण निर्वाचन संपन्न करा लिया जाए।उन्होंने कहा 15 जनवरी 2022 तक कोई भी रोड शो, पदयात्रा, साइकिल रैली/बाइक रैली आदि का आयोजन किसी भी व्यक्ति विशेष या किसी भी राजनीतिक दलों के द्वारा नहीं होगा। उन्होंने बताया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 में जनपद में कुल मतदाताओं की संख्या 2385897 है जिसमें से पुरूष मतदाताओं की संख्या 1281273, महिला मतदाताओं की संख्या 1104457 व अन्य मतदाताओं की संख्या 167 है। 80 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं की संख्या 22147, दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 20625, 18 से 19 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 45497 है। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 2731 जनपद में मतदाताओं का जेंडर रेशियो 862, जनपद में मतदाताओं को ईपी0 रेशियो 53. 76 प्रतिशत है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत-प्रतिशत सख्ती के साथ पालन कराया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग के समस्त निर्देशों व कोविड प्रोटोकॉल का शत-प्रतिशत पालन करना होगा। पब्लिक रूट, किसी चौराहों व गलियों में किसी भी प्रकार की बैठक/नुक्कड़ नाटक आदि आयोजित नहीं किए जाएंगे। यदि कोई भी व्यक्ति या उम्मीदवार भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का उल्लंघन करता पाया जाता है तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि नामांकन में दो व्यक्तियों को ही अनुमति रहेगी। डीईओ ने कहा कि कोरोना पॉजिटिव भी मतदान करना चाहेगा तो अंतिम घंटों में उन्हें मतदान करने की अनुमति रहेगी उन्हें मास्क फेस कवर गिल्प्स सैनिटाइजर आदि उपलब्ध कराए जाएंगे तथा कोविड-19 प्रोटोकाल का शत-प्रतिशत पालन किया जाएगा। कोरोना पॉजिटिव तथा क्वॉरेंटाइन व्यक्तियों के लिए पोस्टल बैलट की भी सुविधा रहेगी, उसकी फोटोग्राफी भी की जाएगी। उन्होनें राजनीतिक दलों के समस्त प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन किया जाए, यदि किसी प्रकार की समस्या आती है तो जिला प्रशासन हमेशा आपकी समस्या समाधान के लिए तैयार रहेगा। जनपद में आदर्श आचार संहिता का कोई उल्लंघन करेगा तो भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार वैश्य सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

WWW.KNLSLIVE.COM

# रास्ते पर आर शीशी रोड के निर्माण में किया जा रहा पीले इट व घटिया सामग्री का प्रयोग

प्रेमचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



श्रावस्ती - विकास खण्ड जमुनहा के ग्राम पंचायत सर्रा के मजरा लौकिहा पुरवा में रास्ते पर आर शीशी रोड के निमार्ण में किया जा रहा पीले इट व घटिया सामग्री का प्रयोग जमुनहा श्रावस्ती - विकास खण्ड जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत सर्रा के मजरा लौकिहा पुरवा के आने जाने के रास्ते पर ग्राम पंचायत द्वारा आर शीशी सड़क का निमार्ण किया जा रहा है जिसमें पीले ईट के रोड़े व इजिंग में पीले ईट का प्रयोग किया जा रहा है ,आर शीशी रोड में घटिया सामग्री के निमार्ण होने से लौकिहा पुरवा के बब्लू शर्मा व अन्य ग्रामीण द्वारा मानक बिहीन सड़क में हो रहे घटिया सामग्री का प्रयोग के सम्बंध में जिलाधिकारी श्रावस्ती से जाँच कराकर दोषी ग्राम प्रधान व सचिव के खिलाफ ग्रामीणों ने जाँच कराकर कार्यवाही करने की मांग की है |इस सम्बंध में खण्ड विकास अधिकारी जमुनहा से दूरभाष द्वारा सम्पर्क किया गया लेकिन घण्टी बजती रही खण्ड विकास अधिकारी द्वारा फोन नही उठाया गया । ग्रामीणों में आक्रोश है कि खण्ड विकास अधिकारी जमुनहा द्वारा न तो किसी जनता का फोन उठाया जाता है न कार्यलय में उपस्थित रहते है जिससे अधिकारी कर्मचारी अपने मनमानी तरीके से निरकुंश होकर काम करते है , और विकास खण्ड में विकास कार्य सुचार नही हो पा रहा है ।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com